एनएसटीएफडीसी
की
''ई पत्रिका''

<u>एनएसटीएफडीसी</u> **एनएसटीएफडीसी/सम.**/46/**46/01/Vol. XVII**

<u>एनएसटीएफडीसी की जुलाई से दिसम्बर,2018 तक की माहवार गतिविधियां</u>

नेशनल शेडयूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएसटीएफडीसी), पात्र अनुसूचित जनजातियों को स्व-रोजगार उद्यम लगाने के लिए रियायती वित्तीय सहायता उपलब्ध करता है। एनएसटीएफडीसी संबंधित राज्य/ संघ शासित प्रदेशों द्वारा नामित सरकारी स्वामित्व वाले राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए), एनसीडीसी, कुछ पीएसयू बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और अन्य एजेन्सियों के माध्यम से अपना फंड चैनेलाइज करता है।

(7) **जुलाई**, 2018 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन :

वर्ष **2018-19** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹करोड़ में)

क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष 2018-19		गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष पादन
		वार्षिक लक्ष्य	दि.31.07.2018 तक की उपलब्धि	
i.	मंजूरी	**240.00**	**29.44**	**33.13**
ii.	संवितरण	**220.00***	**14.27**	**16.47**

* समझौता ज्ञापन **2018-19** के अनुसार**,** वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता पर आधारित है और कुल उपलब्ध निधि का **80%** के रुप में तय किया गया है ।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने हैदराबाद में डीसीसीआई द्वारा आयोजित "नेशनल ट्राइबल एंटरप्रेन्योर कॉनक्लेव (एनटीईसी-2018)" में भाग लिया। इस आयोजन का उद्घाटन माननीय केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री, श्री जुएल ओराम द्वारा किया गया ।

(ख) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने अपनी टीम के साथ दाहोद जिले (गुजरात) में ऋण मेला एवं जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। जिसका उद्घाटन माननीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री, श्री जसवंत सिंह एस. भाभोर ने किया ।

(ग) जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव, श्री दीपक खांडेकर ने निगम के कामकाज और कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए एनएसटीएफडीसी कार्यालय का दौरा किया।

(घ) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने जबलपुर (मध्य प्रदेश) में श्री दीपक खंडेकर,सचिव,जनजातीय कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में "न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं (एमएसपी) एमएफपी के लिए मूल्य श्रृंखला का विकास" के माध्यम से "लघु वन उपज" के विपणन के लिए तंत्र "एवं वन धन योजना" के कार्यान्वयन के लिए आयोजित बैठक में भाग लिया ।

(ङ) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के साथ नई योजना और अतिदेय राशि के निपटान के बारे में चर्चा करने के लिए बैंगलोर का दौरा किया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएसटीएफडीसी द्वारा वित्त पोषित इकाइयों का दौरा भी किया।

(च) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने जयपुर राजस्थान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम के अधिकारियों से मिलने हेतु जयपुर का दौरा किया । इस दौरे के दौरान, एनएसटीएफडीसी को अन्य अधिकारियों सहित अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएसटीएफडीसी द्वारा वित्त पोषित इकाइयों का दौरा किया।

(छ) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने जिला कलेक्टर (टीडब्ल्यूडी)/प्रबंध निदेशक, ट्राईकोर से मिलने हेतु अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) का दौरा किया तथा केआईए मोटर्स पेनुगोंड़ा में रोजगार अवसर प्रदान करने तथा अनंतपुर जिले में शिक्षित बेरोजगार आदिवासी युवाओं की पहचान करने हेतु केआईए,पेनुगोंडा में एक कार्यशाला में भाग लिया ।

इस दौरे के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय सचिव(एसडब्ल्यूडी)/ प्रबंध निदेशक-एससीए/डीआईसीसीआई कर्नाटक के अधिकारियों से मिले । अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने वहां पर एनएसटीएफडीसी द्वारा वित्त पोषित इकाइयों का भी दौरा किया ।

(ज) एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के माध्यम से पुनर्वित्त किए जाने वाले संभावित लाभार्थियों की पहचान करने के लिए मंडला जिले (मध्य प्रदेश) का भी दौरा किया।

(झ) उप महा प्रबंधक (प्रमुख-परियोजना) ने ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) का दौरा किया तथा एपीएससीबीएल के प्रशासक, प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारियों से अतिदेय राशि के निपटान पर विचार विमर्श किया । उन्होंने अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के सहयोग से आयोजित डे-एनआरएलएम के तहत बैंक सखी इंटरफेस प्रोग्राम में भाग लिया।

(ञ) उप महा प्रबंधक (प्रमुख-परियोजना) ने मेघालय में सहायक मानव पूंजी विकास के तहत एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा प्रशिक्षित लाभार्थियों को वित्तीय लाभ देने के लिए प्रबंध निदेशक, एमसीएबी के साथ चर्चा के लिए शिलांग का दौरा किया।

(ट) माह के दौरान, निगम की 74 वीं बोर्ड बैठक हुई।

(ठ) जुलाई, 2018 माह के लिए, एनएसटीएफडीसी से संबंधित जानकारी जैसे रिक्तियों की अद्यतन स्थिति एवं एससी वेकेंसी मॉनिटरिंग सिस्टम में पोस्टिंग की जानकारी कुछ नहीं है।

* * * * *

(8) **अगस्त**, 2018 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2018-19** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹करोड़ में)

क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष **2018-19**		गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष पादन
		वार्षिक लक्ष्य	दि.**31.08.2018** तक की उपलब्धि	
i.	मंजूरी	**240.00**	**48.20**	**40.14**
ii.	संवितरण	**220.00***	**15.09**	**17.69**

* समझौता ज्ञापन **2018-19** के अनुसार, वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **80%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है ।

II. **इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:**

(**क**) 30 अगस्त, 2018 को भुवनेश्वर में आयोजित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति राज्य कान्क्लेब सह प्रदर्शनी के अवसर पर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय, एनएसटीएफडीसी ने माननीय केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री, श्री जुएल ओराम ,केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री, श्री धमेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय राज्य मंत्री एमएसएमईआई/सी, श्री गिरिराज सिंह की उपस्थिति में राउरकेला में आजीविका कार्य इनक्यूबेटर सेंटर की स्थापना के लिए एनएसआईसी और सेल-आरएसपी के साथ एक त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

(ख) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने छत्तीसगढ़ में प्रबंध निदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यवासी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के साथ बैठक करने के लिए रायपुर छत्तीसगढ़ का दौरा किया । जिसमें उन्होंने अतिदेय राशि के पुनर्भुगतान/निपटान ,सरकारी गारंटी को बढ़ाना, निधि की उपयोगिता तथा इमली की ईंट बनवाई/यूनिट के लिए शेष राशि जारी करने जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया ।

इस यात्रा के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएसटीएफडीसी योजनाओं के तहत वित्तपोषित रायपुर जिले में स्थित इकाइयों का भी दौरा किया।

(ग) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने हैदराबाद का दौरा किया तथा माननीय जनजातीय कल्याण मंत्री एवं सचिव, जनजातीय कल्याण (तेलंगाना सरकार) से मुलाकात की। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा नई योजनाओं और अतिदेय राशि के निपटान के मुद्दों पर चर्चा की।

दौरे के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएसटीएफडीसी द्वारा वित्त पोषित इकाइयों का क्षेत्रीय दौरा भी किया।

(घ) प्रमुख-परियोजना ने अपनी टीम के साथ अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत राउरकेला (ओडिशा) लेइंग के एकलव्य मॉडल आवासीय (ईएमआर) स्कूल का दौरा किया ताकि सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत वहां सैनिटरी नेपकिन प्रदान करने की संभावना का पता लगाया जा सके । टीम ने टॉरसिंदीरी, पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड) में स्थित ईएमआर स्कूल का भी दौरा किया एवं वहां के प्रधानाचार्य के साथ विस्तृत चर्चा की।

(ङ.) एनएसटीएफडीसी ने 01 अगस्त, 2018 से 15 अगस्त, 2018 तक एवं 16 अगस्त,2018 से 30 अगस्त,2018 तक हुए स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान निगम के सभी कार्मिकों ने विभिन्न गतिविधियों/ इन-हाउस प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवधि के दौरान, विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस भी मनाया गया।

(च) अगस्त, 2018 माह के लिए एनएसटीएफडीसी से संबंधित जानकारी रिक्तियों की स्थिति तथा एसीसी वेकेंसी मॉनिटरिंग सिस्टम में पोस्टिंग एवं रिक्तियों की स्थिति कुछ नहीं है ।

* * * * *

(9) **सितम्बर**, 2018 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2018-19** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹करोड़ में)

क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष **2018-19**		गत वर्ष इसी अवधि के दौरान कार्य निष्पादन
		वार्षिक लक्ष्य	दि.30.09.2018 तक की उपलब्धियां	
i.	मंजूरी	**240.00**	**50.55**	**78.90**
ii.	संवितरण	**220.00***	**15.38**	**41.81**

* वर्ष **2018-19** के समझौता ज्ञापन के अनुसार, वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि की उपलब्धता के **80%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित गतिविधियां:

(क) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ गंगा कल्याण योजना से भूमि खरीद योजना के लिए धन अंतरण एवं निधि उपयोगिता के मुद्दे पर बैठक हेतु बैंगलौर का दौरा किया ।

इस दौरे के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता में एमएफपी के लिए एमएसपी, वन धन विकास कार्यकम, जनजातीय हस्तशिल्प और हथकरघा के विपणन और अनुसंधान तथा विकास गतिविधियों पर एक कार्यशाला में भाग लिया।

(ख) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने चैन्नई का दौरा किया तथा अपर मुख्य सचिव (वित्त), तमिलनाडु सरकार एवं थाडको के अधिकारियों के साथ नीलगिरि जिले में जंगली जनजातीय एवं पहाड़ी क्षेत्र विकास परियोजना के लिए निधियों के प्रवाह के संबंध में मिले। अपर मुख्य सचिव ने थाडको के लिए 10 करोड़ रुपए सरकारी गारंटी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

(ग) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने एनएसटीएफडीसी की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए चित्तूर का दौरा किया। दौरे के दौरान, उन्होंने ट्राइकोर, आंध्र प्रदेश के माध्यम से एनएसटीएफडीसी योजनाओं के तहत सहायता प्राप्त लाभार्थियों से भी मुलाकात की।

(घ) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने अतिदेय राशि के समायोजन के संबंध में अरुणाचल प्रदेश औद्योगिक एवं वित्त विकास निगम के अधिकारियों के साथ बैठक हेतु ईटा नगर (अरुणाचल प्रदेश) का दौरा किया ।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने जीरो (अरुणाचल प्रदेश) में अरुणाचल प्रदेश कोऑपरेटिव एपेक्स बैंक लिमिटेड और नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से एनएसटीएफडीसी योजनाओं के तहत सहायता प्राप्त इकाइयों का निरीक्षण करने के लिए क्षेत्रीय दौरा भी किए।

(ङ.) एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने केन्द्रीय मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया की ब्रांच में पुन: वित्त मामलों की पहचान करने हेतु ओड़िशा में संबलपुर एवं सुंदरगढ़ जिला एवं मध्य प्रदेश में राइसन एवं हरदा जिलों का दौरा किया ।

(च) एनएसटीएफडीसी ने 1 सितंबर से 14 सितंबर, 2018 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया। इस अवसर पर, इन-हाउस प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। “ई-टूल्स इन हिंदी” पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

(छ) एनएसटीएफडीसी ने 15 सितंबर, 2018 से 2 अक्टूबर, 2018 तक भारत सरकार के "गहन स्वच्छता अभियान" के तहत "स्वच्छता ही सेवा" अभियान में भाग लिया।

(ज) एनएसटीएफडीसी की 17 वीं वार्षिक आम बैठक 26 सितंबर,2018 को की गई । बैठक की अध्यक्षता जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव ने की।

(झ) सितंबर, 2018 माह में एनएसटीएफडीसी से संबंधित जानकारी रिक्तियों की स्थिति को अद्यतन करने तथा एसीसी वेकेंसी मॉनिटरिंग सिस्टम में पोस्टिंग के बारे में जानकारी कुछ नहीं है।

* * * * *

(10) **अक्टूबर**, 2018 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2018-19** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹करोड़ में)

क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष 2018-19		गत वर्ष इसी अवधि के दौरान कार्य निष्पादन
		वार्षिक लक्ष्य	दि.31.10.2018 तक की उपलब्धियां	
i.	मंजूरी	**240.00**	**82.49**	**103.73**
ii.	संवितरण	**220.00***	**24.21**	**57.24**

* वर्ष **2018-19** के समझौता ज्ञापन के अनुसार, वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि की उपलब्धता के **80%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क) जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर, एनएसटीएफडीसी ने राउरकेला (ओडिशा) में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने के लिए "एकता के लिए दौड़" कार्यक्रम का आयोजन किया। "एकता के लिए दौड़" को माननीय जनजातीय केंद्रीय मंत्री, श्री जुएल ओराम, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसमें एनएसटीएफडीसी के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय तथा उनकी टीम द्वारा लॉजिस्टिक आदि की वास्तविक आवश्यकता का आंकलन करने के लिए पहले दिनांक 31.10.2018 को "एकता के लिए दौड़" राउरकेला यात्रा किया गया था।

(ख) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने वडोदरा (गुजरात) गुजरात आदिवासी विकास निगम (जीटीडीसी) के कार्यकारी निदेशक के साथ जनजातीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री जसवंत सिंह एस भाभोर की उपस्थिति में अतिरिक्त राज्य सरकारी गारंटी की आवश्यकता के साथ चालू वित्तीय वर्ष में जीटीडीसी को निधि प्रवाह के संबंध में चर्चा की।

(ग) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने राज्य की एजेंसी एवं राज्य सरकारी गारंटी के पुन: प्रवर्तन के संबंध में और प्रबंध निदेशक मणिपुर आदिवासी विकास निगम एवं प्रमुख सचिव, टीडीडी, मणिपुर सरकार से मिलने के लिए इम्फाल (मणिपुर) का दौरा किया।

यात्रा के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. बिरेन सिंह से मुलाकात की और एनएसटीएफडीसी के रियायती वित्त के अंतर्गत मणिपुर में सभी जरुरतमंद आदिवासियों को कवर करने की जरुरत पर विस्तृत चर्चा की। माननीय मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, श्री सुरेश बाबू की उपस्थिति में, 20 करोड़ रुपए की गारंटी प्रदान करने पर अपनी सहमति दी। उन्होंने, एनएसटीएफडीसी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एमटीडीसी के बजाय मणिपुर राज्य सहकारी बैंक को राज्य एजेंसी के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया तथा औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस मामले को एमएससीबी के प्रबंध निदेशक के सामने उठाया गया। यह बताया गया कि उन्हें एनएसटीएफडीसी की राज्य एजेंसी के रूप में नियुक्त करने के लिए राज्य सरकार के औपचारिक आदेश की आवश्यकता होगी । इस बारे में मणिपुर सरकार के मुख्य सचिव को अवगत कराया गया । अभी तक वह इस आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एनएसटीएफडीसी इस मामले पर बारीकी से अनुवर्ती कार्रवाई कर रहा है।

यात्रा के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने “युवा और एजेंडा 2030” नामक एक सेमिनार में भाग लिया, जिसका उद्घाटन मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। यह यूनेस्को क्लब और एसोसिएशन ऑफ इंडिया के परिसंघ द्वारा आयोजित किया गया था।

(घ) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर के आदिवासी कारीगरों के संभावित वित्त पोषण पर ट्राइफेड के साथ चर्चा के संबंध में चंडीगढ़ का दौरा किया।

(ङ) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय 29.10.2018 से 02.11.2018 को सार्वजनिक उपक्रमों के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) एवं स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, मैरी लैंड युनिवर्सिटी द्वारा आयोजित "सीपीएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के लिए शासन और नवाचार पर उन्नत नेतृत्व कार्यक्रम" में भाग लेने के लिए मैरीलैंड, वाशिंगटन डीसी (यूएसए) के लिए रवाना हुए।

(च) अक्टूबर, 2018 के महीने के लिए, एनएसटीएफडीसी से संबंधित जानकारी जैसे रिक्तियों की स्थिति को अद्यतन करने और एसीसी रिक्ति निगरानी प्रणाली में पोस्टिंग कुछ नहीं है।

* * * * *

(11) **नवम्बर**, 2018 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2018-19** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹करोड़ में)

क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष **2018-19**		गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष पादन
		वार्षिक लक्ष्य	दि**.30.11.2018** तक की उपलब्धि	
i.	मंजूरी	**240.00**	**122.26**	**121.37**
ii.	संवितरण	**220.00***	**35.24**	**66.81**

* समझौता ज्ञापन **2018-19** के अनुसार**,** वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **80%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने तमिलनाडु सरकार द्वारा थाडको को 20 करोड़ की राज्य सरकारी गारंटी के मुद्दे पर अनुवर्ती कार्रवाई हेतु चैन्नई का दौरा किया। इस यात्रा को जनजातीय कार्य राज्यमंत्री, श्री जसवंत सिंह एस. भाभोर के आधिकारिक दौरे के साथ मिलाकर किया गया, जिन्होंने मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के समाज कल्याण मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात की थी । जनजातीय कार्य राज्य मंत्री महोदय ने राज्य में एनएसटीएफडीसी योजनाओं की आवश्यकता तथा उसके लिए राज्य सरकारी गारंटी की आवश्यकता के बारे में बताया । तमिलनाडु सरकार की आधिकारिक टीम ने एक महीने के भीतर जरूरी मुद्दों पर कार्रवाई पर सहमति व्यक्त की। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने वेल्लोर जिले का भी दौरा किया जिसमें पर्याप्त जनजातीय आबादी है।

(ख) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के दौरे:

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय विशाखापट्नम में गिरिजन सहकारी निगम (जीसीसी) और ट्राइकोर, आंध्र प्रदेश सरकार के अधिकारियों से नई योजनाओं को प्रस्तुत करने के बारे में मिलने गए तथा आंध्र प्रदेश के दूरदराज के जनजातीय क्षेत्रों में जीसीसी केंद्रों की यात्रा की ।
- हैदराबाद में स्त्री निधि(तेलंगाना) के अधिकारियों से मिलने तथा गारंटी के साथ नए प्रस्तावों को भिजवाने संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श करने गए ।

(ग) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय, एनएसटीएफडीसी की योजनाओं के कार्यान्वयन पर विचार करने अलवर (राजस्थान) पहुंचे । इस यात्रा के दौरान, राजस्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से एनएसटीएफडीसी की सहायता प्रदत्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत इकाइयों का निरीक्षण किया।

(घ) उप महा प्रबंधक (प्रमुख-परियोजना) ने राज्य में ऋण गतिविधियों के पुनरुद्धार के लिए गोवा राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास कार्पोरेशन लिमिटेड का दौरा किया।

(ड.) माह के दौरान निगम की 75 वीं बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया ।

(च) नवंबर, 2018 के महीने के लिए, रिक्तियों की स्थिति को अद्यतन करने और एसीसी रिक्ति निगरानी प्रणाली में पोस्टिंग के संबंध में एनएसटीएफडीसी से संबंधित जानकारी शून्य है।

* * * * *

(12) **दिसम्बर**, 2018 **माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां**:

I. निष्पादन **:**

वर्ष **2018-19** के लिए लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की स्थिति इस प्रकार है**:**

(₹करोड़ में)

क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष 2018-19		गत वर्ष इसी अवधि के दौरान निष पादन
		वार्षिक लक्ष्य	दि.31.12.2018 तक की उपलब्धि	
i.	मंजूरी	**240.00**	**292.51**	**158.40**
ii.	संवितरण	**220.00***	**51.25**	**78.92**

* समझौता ज्ञापन **2018-19** के अनुसार, वर्ष के लिए संवितरण लक्ष्य कुल निधि उपलब्धता के **80%** पर आधारित है और उसी के अनुसार तय किया गया है।

II. इस माह के दौरान कार्यान्वित प्रमुख गतिविधियां:

(क)एनएसटीएफडीसी ने केरल राज्य में अपनी योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 07.12.2018 के केरल राज्य महिला विकास निगम के साथ अपनी राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी के रुप में करार किया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय,एनएसटीएफडीसी एवं प्रबंध निदेशक, केएसडब्ल्यूडीसी ने इस आशय हेतु सामान्य ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए ।

(ख) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा दौरे:

- माननीय मुख्यमंत्री और प्रधान सचिव (आदिवासी विकास विभाग), मणिपुर सरकार के साथ मणिपुर राज्य सहकारी बैंक को मणिपुर में राज्य सरकारी गारंटी के साथ अतिरिक्त एजेंसी नियुक्त करने के संबंध में इंफाल का दौरा किया ।

  इस यात्रा के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने चेयरमैन, मणिपुर ग्रामीण बैंक,जिनके साथ एनएसटीएफडीसी से अतिरिक्त धनराशि का लाभ उठाने हेतु चर्चा की ।

- प्रबंध निदेशक, कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के साथ एनएसटीएफडीसी योजनाओं के कार्यान्वियन एवं अतिदेय राशि के निपटान हेतु बेंगलुरु का दौरा किया ।

- प्रबंध निदेशक, ट्राईकोर(एपी) /आंध्र प्रदेश राज्य सरकार आदिवासी विकास विभाग के साथ गारंटी के मुद्दों,नई योजनाओं और धन संवितरण पर चर्चा हेतु विजयवाड़ा का दौरा किया ।

  दौरे के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदयनें गुंटूर जिले का क्षेत्रीय दौरा किया तथा एनएसटीएफडीसी योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थियों से विचार-विमर्श किया ।

- विशाखापट्नम में सीएसआर परियोजनाओं के संबंध में गैर सरकारी संगठनों के साथ तथा कार्य पूंजी प्रस्ताव हेतु जीसीसी के कार्मिकों से बैठक की ।

  अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने लघु ऋण वित्त प्रस्तावों के संबंध में ट्राइकोर, तेलंगांना के अधिकारियों से मिलकर चर्चा की ।

(ग) दिसंबर, 2018 माह के लिए, एनएसटीएफडीसी के संबंध में जानकारी अद्यतन करने के संबंध में जैसे रिक्तियों की स्थिति एवं एसीसी मॉनिटरिंग में पोस्टिंग आदि कुछ नहीं है ।

* * * * *

नेशनल शेडयूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन

(अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक उत्थान हेतु एक शीर्ष संगठन)
एनबीसीसी टावर, 5 वीं मंजिल, 15 भीकामी कामा प्लेस,नई दिल्ली-110066
टेलीफोन नं. 011-26712539, 26177046, 26177042,फैक्स नं.011-26712574;
वेबसाइट: www.nstfdc.nic.in **ईमेल:nstfdc@bol.net.in**

एनएसटीएफडीसी का संक्षिप्त विवरण

संगठन: नेशनल शेडयूल्ड ट्राइब्स फाइनांस एण्ड डेवलपमेन्ट कारपोरेशन (एनसटीएफडीसी) केवल अनुसूचित जनजातियों के आर्थिक उत्थान हेतु बनाया गया शीर्ष संगठन है। निगम अनुसूचित जनजातियों की आय जनित गतिविधियों हेतु राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों, कुछ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के माध्यम से रियायती ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए उनकी आर्थिक उन्नति में अग्रणी भूमिका निभाता है।

पात्रता मानदंड: एनएसटीएफडीसी से रियायती वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:-

व्यक्तिगत /स्व सहायता समूहों हेतु	**सहकारी संस्था(ओं) हेतु**
• सभी आवेदक/सदस्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के होने चाहिए । • आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय गरीबी रेखा आय सीमा (डीपीएल) से दुगुनी से अधिक नहीं होनी चाहिए । योजना आयोग के मानदंडों के आधार पर वर्तमान में यह सीमा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 98000/-रुपए एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 1,20,000/-रुपए वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए ।	कम से कम 80% या ज्यादा सदस्य अनुसूचित जनजाति समुदाय के होने चाहिए एवं आवेदकों की वार्षिक पारिवारिक आय गरीबी रेखा आय सीमा से दुगुनी से अधिक नहीं होनी चाहिए । सदस्यता में परिवर्तन के मामले में वह सहकारी सोसाइटी यह सुनिश्चित करेगा कि एनएसटीएफडीसी की ऋण अवधि के दौरान अनुसूचित जनजाति सदस्यों का प्रतिशत 80% से कम नहीं है ।

योजना :

मियादी ऋण योजना	**आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना (आ.म.स.यो.)**	**स्व सहायता समूहों हेतु लघु ऋण योजना (लघु ऋण वित्त)**	**आदिवासी शिक्षा ऋण योजना (आ.शि.ऋ.यो.)**
25.00 लाख रुपए प्रति यूनिट तक की लागत वाली परियोजना के लिए 90% तक ऋण	1,00,000/-रुपए प्रति यूनिट तक की लागत वाली परियोजना के लिए 90% तक ऋण	प्रति स्व.स.समूह हेतु अधिकतम 5 लाख रुपए तथा प्रति सदस्य 50,000/-रु. तक का ऋण	प्रत्येक अनुसूचित जनजाति की पात्र परिवार को 6% वार्षिक रियायती ब्याज दर पर 5.00 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण
ब्याज दर: 6 से 10% वार्षिक	ब्याज दर: 4% वार्षिक	ब्याज दर: 6% वार्षिक	ब्याज दर: 6% वार्षिक

एनएसटीएफडीसी योजनाओं के अंतर्गत यदि अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित कोई व्यक्ति ऋण लेने के इच्छुक हो तो संबंधितराज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों/ उनके राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से मार्गदर्शन हेतु संपर्क कर सकते हैं । राज्य चैनेलाइजिगं एजेंसियों का संपर्क विवरण एनएसटीएफडीसी के वेबसाइट www.nstfdc.nic.in पर उपलब्ध है ।